तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024



10 मारागांव संकुल में छात्र-छात्राओं ने मानव...





10 जल जीवन मिशन के संचालक ने की नल ...






## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनजातीय अस्मिता, अतीत को वैश्विक पहचान देने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवंबर को केंद्र सरकार द्वारा व्यापक और भव्य स्तर पर मनायी जाएगी। प्रदेश में भी इस जयंती को वृहद स्तर पर मनाए जाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 15 नवंबर को हर जिले में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत एतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता वनमंत्री केदार कश्यप ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यशाला में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव के अलावा प्रदेश के सभी राजकीय विवि के कुलपति उपस्थित रहे। एसोसिएट प्रो डॉ सजीवन कुमार और डॉ बीएल साहू को शमक बस्तर के सभी 52 कॉलेजों में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संयोजक और सह संयोजक बनाया गया है। कार्यशाला से लौटकर कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विवि और विवि के अधीनस्थ कॉलेजों में जनजातीय सभ्यता, संस्कृति, इतिहास, अस्मिता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति हुए शामिल

### वैश्विक पहचान दिलाएंगे

मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के शौर्य और वीरता के साथ शहीद वीर नारायण सिंह, गैंद सिंह, गुण्डाधूर जैसे नायकों के स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका के अतिरिक्त अन्य जनजातीय वीर नायक-नायिकाओं को वैश्विक पहचान देने की बात कही है। साथ ही वर्तमान पीढ़ी में इन नायकों के प्रति स्वाभिमान जागृत करने समय-समय पर प्रदेश में विभिन्न कार्यशालाएं और कार्यक्रम किए जाने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय में 7 अक्टूबर को जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यशाला का आयोजन रखा गया है। जिसमें विवि और संबंधित कॉलेजों में प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।



### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर, आयुक्त जनक प्रसाद पाठक, वनवासी विकास समिति के अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वैभव सुरन्गे, वनवासी समिति के प्रांत अध्यक्ष उमेश कच्छप सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पर्व : दो एनआरआई के अलावा अभिनेता सलमान खान के नाम भी ज्योत जलाई गई


# मां दंतेश्वरी मंदिर में 10 हजार अधिक आस्था के ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

### सुबह से रही भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। लंबी कतार में श्रद्धालु माता का दर्शन लाभ लेने के लिए इंतजार करते नजर आए। सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। वही शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश भवन में 10 हजार की संख्या में भक्तों ने पर्ची कटवाई, जिसमें घी के 1710 तथा तेल के 7373 शामिल है। इनमें दो विदेशी आस्ट्रेलिया तथा यूएसए के टेक्सास के भक्तों ने भी अपनी आस्था दिखाई है। वहीं जगदलपुर के वीरेन्द्र पाढ़ी विगत तीन वर्षों से अभिनेता सलमान खान के नाम से तेल की पर्ची कटवाई है। पाढ़ी ने हरिभूमि को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि वे जगदलपुर के निवासी हैं। अभिनेता सलमान खान के ऊपर हिट एण्ड रन का केस दर्ज हुआ था। उसमें निर्दोष बरी होने की माता दंतेश्वरी से मंगल कामना की थी। जिसके बाद हम विगत तीन वर्षों से इस अभिनेता के नाम का ज्योत जलवा रहे हैं। हालांकि वे बालीवुड अभिनेता सलमान खान से मिलने भी गए थे, लेकिन किसी कारणवश वहां उनसे मुलाकात नहीं कर पाये।



### मनोकामना होती है पूर्ण

*दंतेवाड़ा की पावन नगरी में हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्तगण माता का दर्शन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि माता के दरबार में आने वाले हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है। यही वजह है कि बार-बार दो एनआरआई के अलावा जगदलपुर के वीरेन्द्र पाढ़ी ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने के बाद आस्था के ज्योत जलवाएं है।*

# नक्सलियों ने बीजीएल से किया हमला घंटों मुठभेड़ के बाद भागे माओवादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र स्थित चिंतावागु नदी तट पर पीएलजीए बटालियन व किस्टाराम एरिया कमेटी के कोर इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त टीम सर्चिंग में रवाना हुई थी। इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर बीजीएल से हमला किया जिसका जवानों ने भी बहादुरी से जवाब दिया, जिसके बाद नक्सली भाग खड़े हुए।

आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि माओवादियों के कोर जोन चिंतावागू नदी के किनारे सुरक्षा बलों का पीएलजीएल बटालियन एवं किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुआ है। दो अक्टूबर को सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टी ग्राम बोटेलंका, एरनपल्ली व आस-पास के क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। अभियान के दौरान नक्सलियों के पीएलजीएल बटालियन सदस्यों से चिंतावागू नदी के किनारे सुबह से रूक-रूककर मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल में नक्सलियों के अस्थाई कैम्प को ध्वस्त कर भारी मात्रा में डम्प सामाग्रियों एवं विस्फोटक सामान बरामद किया है।



### सर्चिंग और कार्रवाई में ये टीमें रहीं शामिल

कार्रवाई में जिला जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर , 206, 208, 204 व 203 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम शामिल थी। आईजी ने बताया कि इलाके में लगातार सर्चिंग जारी है और सुरक्षाबल के सभी जवान सुरक्षित है।

### बीजीएल से किया हमला

सर्चिंग आपरेशन पर निकले संयुक्त सुरक्षाबलों पर नक्सलियों ने बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) से हमला किया जिसका डीआरजी कोबरा एवं सीआरपीएफ जवानों द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया गया। सुकमा एसपी किरण चव्हाण सीआरपीएफ डीआईजी सुकमा आनंद व कोन्टा डीआईजी सुरजपाल वर्मा लगातार जवानों के सम्पर्क में बनाए हुए हैं और हालात पर नजर रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### गोल्डन टेंपल की तर्ज पर बना दुर्गा चौक का दुर्गोत्सव पंडाल



**जगदलपुर।** शहर के दुर्गा चौक में 44 वर्ष से दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की ओर से दुर्गोत्सव का पंडाल गोल्डन टेम्पल की थीम से सजाया गया। गोल्डन टेंपल की तरह ही स्वर्ण रंग से पंडाल को बनाया गया और यहां पर स्वर्ण मंदिर की ही तरह भक्तों को प्रसाद दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को माता की स्थापना की गई, 11 अक्टूबर को महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा और 14 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की कोषाध्यक्ष झरना मोहंती ने बताया कि दुर्गोत्सव में इस बार दशमीं के दिन सार्वजनिक रुप से शस्त्र की पूजा की जाएगी। जिसमें मोहल्ले के सभी निवासी अपने शस्त्र पंडाल में रखेंगे।

### मुख्यमंत्री साय आज बीजापुर प्रवास पर रहेंगे

**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 4 अक्टूबर को बीजापुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान नक्सल पीड़ित परिवारों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति सहित करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिसके तहत 228 करोड़ से अधिक राशि का भूमिपूजन एवं 35 करोड़ से अधिक राशि का लोकार्पण करेंगे। अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार योजना के हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। वहीं जिले के हजारों तेन्दूपत्ता संग्राहकों को बोनस का नगद भुगतान करेंगे। सेन्ट्रल लाइब्रेरी बीजापुर में मुख्यमंत्री द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम सहित एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित होगा।



# चोरी व गुम हुए 7 मोबाइल को पुलिस ने मालिकों को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

पुलिस ने 7 ग्रामीणों के चोरी किए गए और खोए हुए मोबाइलों को ढूंढ निकाला है। सात मोबाइलों को उनके मालिकों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। रामलाल कश्यप नेगानार निवासी जिनका फोन कुछ दिन पहले चोरी हो गया था, उनका कहना है कि नवरात्र के पहले दिन मुझे मेरी चोरी हुई मोबाइल फोन पुलिस ने लौटाया, जिससे बहुत खुश हूं। दरभा पुलिस थाना के प्रभारी केशरी चंद साहू की मौजूदगी में चोरी व गुम हुए 7 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके मालिकों को सौंपा गया। दरभा पुलिस ने सर्विलांस टीम साइबर की मदद से मोबाइल खोने और चोरी होने की दर्ज रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए फोन को ढूंढ निकाला। 7 लोगों को उनके मोबाइल फोन वापस किये गए। थाना प्रभारी ने कहा कि मोबाइल खोने और चोरी होने की जो सूचना दर्ज हुई थी, उसी क्रम में पुलिस की स्पेशल सर्विलांस साइबर टीम ने इन मोबाइल को ट्रेक किया। उनको बरामद कर इससे जो लोग प्रभावित हुए थे, उन लोगों को वापस लौटाया हैं। आगे भी इस तरह की कार्रवाई पुलिस करते रहेगी।



# स्कार्पियों ने मारी टक्कर प्रधान आरक्षक की मौत

**जगदलपुर।** बंदी के उपचार के लिए सुकमा से जगदलपुर पहुंचे प्रधान आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। फॉलो वाहन के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए घटना को अंजाम दिया जिससे प्रधान आरक्षक की मौत हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने बताया कि कांकेर जिले के मुसुरपुट्टा निवासी चंद्रभान अरकरा (55) अपने अन्य साथियों के साथ नक्सल मामले में गिरफ्तार नक्सली को इलाज के लिए मेकाज लेकर पहुंचे थे। बंदी को भर्ती कराने के बाद प्रधान आरक्षक अपने साथियों के साथ खाना खाने के लिए निकले थे। इस दौरान अचानक से दंतेवाड़ा से कर्मा परिवार में चलने वाले फॉलो वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में गभीर प्रधान आरक्षक को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया जहां प्रधान आरक्षक ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद स्कार्पियो चालक ने गाड़ी ▶▶|शेष पेज 10 पर



- भोजन करने जाने के दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो ने दिया घटना को अंजाम

# गरबा के नाम पर धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने पर बर्दाश्त नहीं करेंगेः विहिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हिंदू धर्मावलंबियों के अलावा अन्य सम्प्रदाय गरबा आयोजन से रहे दूर
- विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने निगरानी दल का किया गठन

नवरात्र पर गरबा को इवेंट का स्वरूप देने वाले आयोजन समिति सतर्क हो जाएं। गरबा का कोई विरोध नहीं है, लेकिन धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार की फूहड़ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिन्दू सनातनी परम्परा और संस्कृति के अनुरूप धार्मिक आयोजन किया जाना है। गरबा के नाम पर धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाई जाएगी तो विरोध किया जाएगा। गरबा आयोजन को इवेंट के नाम पर किया जा रहा है, इस पर रोक लगना चाहिए अन्यथा इसका पुरजोर विरोध तो होगा बल्कि आयोजन समिति प्रमुख के विरुद्ध एफआईआर कराई जाएगी।



उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष हरि साहू ने कहीं। बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में गुरुवार को विहिप-बजरंग दल समेत हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि पत्रकारों से आज रूबरू थे। जिलाध्यक्ष ने कहा, गरबा मातारानी के आस्था से जुड़ा धार्मिक आयोजन है। अनेक सनातनी मातृ शक्तियों व पुरुष कार्यकर्ताओं से शिकायत के साथ यह जानकारी मिली कि गरबा को इवेंट का स्वरूप देकर फूहड़पन परोसने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने उन्हें ▶▶|शेष पेज 10 पर

### नवरात्र के पूरे 9 दिनों तक गरबा पर रहेगी नजर

विहिप नेता ने कहा कि नवरात्रि पर्व के पूरे 9 दिनों तक विहिप-बजरंग दल व अन्य हिन्दू संगठनों के द्वारा शहर के सभी गरबा आयोजन स्थलों, ग्रामीण क्षेत्रों के रिसोर्ट, फार्म हाउस में नजर रखने निगरानी समिति बनाई गई है, जो प्रतिदिन स्थलों में निगरानी करेगी। सर्व हिन्दू समाज के सचिव एल ईश्वर राव, विहिप के नगर अध्यक्ष पवन राजपुत, अनिल अग्रवाल विजय भारत ने भी गरबा आयोजन को व्यवसायिक केंद्र न बनाने और धार्मिक आयोजन को मौज-मस्ती का केंद्र न बनाने की चेतावनी दी। इन्होंने कहा आयोजन समिति यह सुनिश्चित करे गरबा में ऐसे ही व्यक्ति प्रवेश करे जो हिन्दू धर्म और माता में आस्था रखता है।

## नक्सलवाद के नाम से किसानों और ग्रामीणों को निशाना नहीं बनाना चाहिए

# नक्सलवाद एक विचारधारा और इसे विचारधारा से ही खत्म किया जा सकता है : टिकैत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- बीजापुर पहुंचे किसान नेता टिकैत

पहली बार किसान महापंचायत में शामिल होने बीजापुर पहुंचे किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता व किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि नक्सलवाद एक विचारधारा है और इसे विचारधारा से खत्म किया जा सकता हैं।

बीजापुर में आयोजित किसान महापंचायत में सम्मलित होने आए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि नक्सलवाद के नाम से किसानों और ग्रामीणों को निशाना नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जितनी मुठभेड़ हुई है, उन सभी की जांच होनी चाहिए। नक्सलवाद के सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि, नक्सलवाद एक विचारधारा है और उसे विचारधारा से खत्म करना चाहिए। लेकिन नक्सलवाद के नाम पर किसानों और ग्रामीणों को निशाना नहीं बनाना चाहिए। तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने यह भी कहा कि, बस्तर में अब तक जितने भी मुठभेड़ हुई हैं, उन सभी मुठभेड़ों की जांच होनी चाहिए। इसमें बस्तर के किसान और ग्रामीण दोनों तरफ से पिस रहे हैं। इन्हें अपने बचाव के लिए फोर्स से भी लड़ना पड़ता है और नक्सलियों से भी। इसलिए किसान और मजदूर आदिवासियों को तंग नहीं किया जाना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।



### पर्यटन से मिलेगा रोजगार

*किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है बस्तर बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए। यहां किसान, मजदूर व आदिवासियों को तंग नहीं करना चाहिए। यही वह वजह है जिसके कारण लोगों को पलायन करना पड़ता है। जहां ग्रामीणों के पलायन के बाद उनकी जमीनों को उद्योगपतियों को देने की साजिश सरकार द्वारा रची जा रही है। किसान नेता राकेश टिकैत ने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए। विलेज टूरिज्म पॉलिसी को अपनाना चाहिए। जिससे गांव के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल पाएगा।*


## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9425260296, 9131893124

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा स्थापित...



भानपुरी। भानपुरी में मां दुर्गा स्थापित।

### गांधी प्रतिमा पर कलेक्टर ने दी पुष्पांजलि



**बीजापुर।** 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर महात्मा गांधी के दिखाए हुए सत्य अहिंसा के मार्ग पर सतत चलने की प्रेरणा दी। वहीं महात्मा गांधी के जयंती पर भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने स्वच्छता को अपने आदत में शामिल करने की अपील की।

### एक अच्छा वॉलंटियर्स हमेशा सीखते रहता है: विश्वास



**दरभा।** दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम सह अभिमुखीकरण कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रोफेसर बस्तर विश्वविद्यालय मौसमी विश्वास ने बच्चों को सीखने के आदत डालने के विषय में प्रेरित करते हुए कहा कि एक अच्छा वॉलिंटियर्स हमेशा सीखते रहता है। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण विद एवं समाजसेवी संपत झा द्वारा सतत पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते रहने की बात कही। उद्यान अधीक्षक तोकापाल आरएस. बागरी ने कहा कि आप पौधा को मत तोड़िए प्रकृति अपने आप पौधा उगा देगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी करितगांव अकबर खान ने कहा कि स्वच्छता को जीवन में अपना लीजिए। अपनी आदत में डालिए ताकि आप हमेशा स्वस्थ रहें।

### बारसूर में हुआ सफाई मित्र सम्मान समारोह



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में 2 अक्टूबर को नगर पंचायत बारसूर के सांस्कृतिक भवन मे सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह मे मुख्य नगर पालिका अधिकारी आईएल पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश्वर सिंह पुजारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य बैसू राम मंडावी, नगर पंचायत के समस्त जन प्रतिनिधिगण तथा स्वच्छता दीदी, सफाई मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं महत्वपूर्ण योगदान दिए जाने पर प्रतियोगिता अनुसार सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# नवरात्रि में जले मनोकामना ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



नवरात्र के अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत कलश प्रज्ज्वलित किया है। शीतला माता मंदिर भानपुरी, दंतेश्वरी मंदिर केशरपाल व नृसिंह मंदिर मुरकुची को भव्यता से सजाया गया है।

ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र में दुर्गा मां की मूर्ति स्थापित कर नौ दिनों तक नवरात्र पर्व मनाने की परंपरा क्षेत्र में विधिवत जारी है। मुरकुची ग्राम में स्थापित नृसिंह मंदिर में पिछले 25 वर्षों से मनोकामना ज्योति श्रद्धालुओं के द्वारा जलाया जा रहा है। मंदिर समिति के पंडित श्याम सुंदर पांडे ने बताया कि दूर-दराज के श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना ज्योत जलाया गया है। वहीं अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन होगा।

शीतला माता मंदिर भानपुरी को श्रद्धालुओं के द्वारा आकर्षक साज-सज्जा किया गया है। नौ दिनों तक क्षेत्र में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवरात्र के चलते क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है।

# लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में राजस्व सहित शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र ही समय-सीमा में निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान भूमि रिकॉर्ड, नामांतरण, बंटवारा और अन्य लंबित मामलों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान करें और सुनिश्चित करें, आम जनता को विभागीय कार्यों में कोई परेशानी न हो। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व मामलों में पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### वाहनों में लगेगा जीपीएस

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी पीडीएस दुकानों में राशन परिवहन करने वाले वाहनों में जीपीएस लगाए जाएंगे। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और राशन वितरण प्रक्रिया को अधिक सुचारू एवं निगरानी योग्य बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके साथ ही संबंधित पीडीएस दुकानों के लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उनके दूरभाष क्रमांक पंजीकृत किए जाएंगे, ताकि उन्हें समय-समय पर राशन की उपलब्धता और वितरण की सूचना सीधे प्राप्त हो सके।

### बस्तर ओलंपिक का हो सफल आयोजन

जिले में युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने और खेलों के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी माह में बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। इस वृहद आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक खेल वातावरण तैयार करने और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर तैयारियों को पूरा करने और आयोजन को सफल बनाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से जन शिकायतों को भी प्राथमिकता देकर समय पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति के लिए मुआवजा दिलाने हेतु शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही शीघ्र निराकरण कर मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप सहित एसडीएम, तहसीलदार सहित विभागीय

# सरपंच ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत जोड़ातराई सरपंच फूलमती भास्कर ने शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला जोड़ातराई के स्कूली बच्चों को आज न्योता भोजन कराया। बच्चों में न्योता भोज को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। न्योता भोजन के बाद सरपंच ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य मनीराम मुरामी, एसएमसी अध्यक्ष मनकु राम, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, सीएसी धनेन्द्र सोनी, नितिन विश्वकर्मा, दीपक गर्ग, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, योगेश सोनी, संस्था के प्रधान अध्यापक तिरपरेस चापड़ी, विनोद दास, राजीव मिश्रा, मुकेश मिश्रा, सुरेश ठाकुर व एसएमसी सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

# छात्राओं को साइकिल वितरण करने विधायक पहुंचे कुआकोंडा



**नकुलनार।** विधायक चैतराम अटामी द्वारा कन्या हाई स्कूल में कक्षा 9वीं की 91 छात्राओं को आज सायकिल वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य प्रमोद भदौरिया ने बताया कि निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत उक्त सायकिल बांटी गई। वितरण के दौरान दंतेवाड़ा विधायक के साथ नंदलाल मुड़ामी, सुमित भदौरिया, कुआकोंडा मंडल अध्यक्ष सोमडू, धीरेंद्र प्रताप, सत्यजीत चौहान, राघवेंद्र गौतम, अभिषेक, चंद्रपाल भदौरिया, आशीष चौहान, गोविंद तिवारी, नकुलनार सरपंच रंजना कश्यप, उप सरपंच दिलीप चौहान, प्राचार्य प्रमोद भदौरिया, बीईओ, बीआरसी, एबीईओ एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जायका के 70 वर्ष पूर्ण होने पर बना जश्न का माहौल

**बिजनेस साईट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ और विदर्भ में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त जायका ग्रुप को 70 वर्ष पूर्ण हुए है। इस महत्वपूर्ण अवसर को सेलिब्रेट करने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित काले, डायरेक्टर

- **जायका के मैनेजिंग डायरेक्टर की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम**

एवम फाडा की चेयर पर्सन रश्मि काले एवम युवा व्यवसाई कोस्तुभ काले गुरुवार को जगदलपुर स्थित शिवनाथ हुंडई के डीलरशिप में पहुंचे। यहां के सभी एम्प्लॉय और अधिकारियों ने मिलकर जायका गुरप के 70 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ मिलकर मनाया।

रोहित जी ने बताया की कैसे उनके परदादा पुरषोत्तम काले ने 1954 में विदर्भ से जायका की नींव रखी और उनके दादा केआर काले ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से इस व्यवसाय की शुरुआत की। उन्होंने बताया की मध्य भारत का उस समय ये पहला डीलरशिप था। वर्तमान में जायका ग्रुप टाटा, हुंडई, ट्रेलर, टिप्पर, किया, पेट्रोल पंप एवं अन्य उद्योगों के साथ जायका इंश्योरेंस एंड ब्रोकरेज प्राइवेट लिमिटेड का कार्य कर रही है। ये सब हमारे कर्मचारियों के अटूट लगन और परिश्रम की वजह से ही संभव हो पाया है।

जगदलपुर में जायका गुरप ऑटोमोबाइल क्षेत्र में 2004 से कार्य कर रहा है। इस दौरान सेल्स और सर्विस टीम में जिन कर्मचारियों को 10 वर्ष से ज्यादा कार्य करते हो गया है उन्हे उपहार दिए गए एवम 25 वर्ष पूर्ण कर चुके दंपतियों को भी सम्मानित किया गया।

# हाईस्कूल आंवराभाटा परिसर में की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शासकीय हाईस्कूल आंवराभाटा में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयंती का शुभारंभ महात्मा गांधी व स्व.लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने रंगोली बनाई। विद्यालय परिसर में सीआरपीएफ के जवानों सहित विद्यालय के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से साफ-सफाई की। विद्यालय में यत्र-तत्र फैले कचरे, पॉलीथिन तथा अन्य सामग्रियों को इकट्ठा कर स्कूल परिसर को स्वच्छ किया गया। सुनीता गोस्वामी प्राचार्या हाईस्कूल आंवराभाटा ने स्वच्छता अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसके प्रति हमें लोगों को जागरूक करना चाहिए। ताकि हमारे आस-पास का वातावरण शुद्ध व स्वच्छ रह सके। इसके बाद प्राचार्या द्वारा उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सीआरपीएफ जवानों ने बच्चों को मिठाई वितरण किया। इस दौरान सीआरपीएफ के अनिल कुमार झा द्वितीय कमान अधिकारी, रामचंद्र सिंह नेगी सहायक कमांडेंट, निरीक्षक रामेन्दु दीक्षित, प्रधान अध्यापक व्हीएस ताटी, संध्या श्रीवास्तव, आरसी नागेश, किरण एक्का, कमल कर्मकार, लिली मंजू टोप्पो, फुलेश सोरी संकुल समन्वयक, कविता भोगामी, अर्चना श्रीवास्तव, रश्मि तिवारी, गौतमी गावड़े, ज्योति मंडावी, सुनील टण्डन सहित विद्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत नाले में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका पाण्डरी कोरसा के निकटतम वारिस उनकी पुत्री रोशनी कोरसा को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 298/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लच्छू बघेल पिता स्व. लेबोराम बघेल जाति भतरा ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. सोनादई बघेल पति स्व. लेबोराम निवासी ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. सोनादई बघेल पति स्व. लेबोराम ग्राम मरेठा का दिनांक 06/01/2022 को मृत्यु हुई है। आवेदक लच्छू बघेल पिता स्व. लेबोराम बघेल जाति भतरा ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. सोनादई मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07/10/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 299/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लच्छू बघेल पिता स्व. लेबोराम बघेल जाति भतरा ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. लेबोराम बघेल निवासी ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. लेबोराम बघेल पिता स्व. चैन ग्राम मरेठा का दिनांक 03/07/2021 को मृत्यु हुई है। आवेदक लच्छू बघेल पिता स्व. लेबोराम बघेल जाति भतरा ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. लेबोराम बघेल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07/10/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 300/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लछिमनाथ बघेल पिता स्व. दासो बघेल जाति भतरा ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. दासो बघेल पिता स्व. चैन निवासी ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. दासो बघेल पिता स्व. चैन ग्राम मरेठा का दिनांक 10/06/2020 को मृत्यु हुई है। आवेदक लछिमनाथ बघेल पिता स्व. दासो बघेल जाति भतरा ग्राम मरेठा तहसील करपावंड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. दासो बघेल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07/10/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर



SAMPOORNATA ABHIYAN
NITI Aayog

संपूर्णता अभियान 2024
04 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024

**आकांक्षी जिला बीजापुर**
शत प्रतिशत उपलब्धि

- गर्भवती महिलाओं को शत प्रतिशत पूरक पोषण दिया गया
- 9-10 माह के बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकरण किया गया
- सेकेंडरी लेवल स्कूल में शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया
- स्कूलों में शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के 1 महीने के भीतर पुस्तकें प्रदान की गई

**आकांक्षी ब्लॉक उसूर**
शत प्रतिशत उपलब्धि

- हाइपरटेंशन और डायबिटीज की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग की गई
- गर्भवती महिलाओं को शत प्रतिशत पूरक पोषण दिया गया
- शत प्रतिशत मृदा स्वास्थ्य कार्ड जनरेट किया गया



**जिला प्रशासन बीजापुर**

**Health Town**

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
**डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव**
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### विश्वकर्मा मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान



**जगदलपुर।** स्वच्छता अभियान के समाप्ति दिवस पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें शहर के नागरिक एवं विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए।

### दिसम्बर में सिन्धी प्रीमियर लीग क्रिकेट

**जगदलपुर।** सिन्धी प्रीमियर लीग सीजन 2 दिसम्बर में खेला जाएगा। सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि समाज की पहल पर एसपीएल की शुरूआत की गई। इस बार सीजन 2 के लिए एसपीएल क्रिकेट कोर टीम द्वारा 8 ऑनर्स तैयार कर लिए है। अब ऑनर्स द्वारा अपनी टीम के लिए खिलाड़ियों के ऑक्शन में बोली लगाकर टीम बनाएंगे। इस टीम में बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर जिले से भी सिन्धी समाज के क्रिकेट खिलाड़ियों को लिया जा रहा। सिन्धी पंचायत के सचिव हरेश नागवानी ने बताया इस बार के एसपीएल में 4 महिला क्रिकेट टीम को गांधी मैदान में उतार रहे, जिसकी तैयारी की जा रही। एसपीएल 2 के शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी जगदलपुर आएंगे।

### एकलव्य विद्यालयों के बच्चों को एकलव्य बनाना लक्ष्य : शोरी



**जगदलपुर।** धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में जनजातीय कार्य मंत्रालय के आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गणेश राम शोरी पहुंचे। उन्होंने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की शुरूवात की। उन्होंने कहा कि हमारे एकलव्यों का लक्ष्य एकलव्य की तरह बनाना हमारी प्राथमिकता में है और एकलव्य विद्यालयों की मेहनत रंग ला रही है। बच्चों के बीच सकारात्मक प्रतियोगिता बढ़ाकर इनका सवांगीण विकास कर देश के विकास का हिस्सा बनाना है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों से बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्यगण मंचासीन रहे। विद्यालयों से बच्चों के साथ पहुंचे प्रभारी शिक्षकगण, सहयोगी शिक्षक तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक ने विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं को दिए साइकिल

# छात्र जीवनकाल का स्वर्णिम समय होता है : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या, हाई स्कूल पंडरीपानी, महारानी लक्ष्मीबाई, पनारापारा, केवरा मुंडा, भैरमगंज, जगतु माहरा विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल), हाटकचौरा में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने छात्राओं को 326 साइकिल वितरण किए।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत शहर में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। बेटियां है तो कल है सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। उन्होंने कहा कि यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है। विधानसभा के सभी स्कूलों को व्यवस्थित और बेहतर बनाया जाएगा। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। महापौर सफीरा साहू एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने भी छात्राओं को संबोधित किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, आलोक अवस्थी, नरसिह राव, विद्याशरण तिवारी, पार्षद निर्मल पाणिग्राही, त्रिवेणी रंधारी, कमलेश पाठक, मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, आर्येन्द्र सिंह आर्य, योगेश ठाकुर, प्रकाश झा, योगेश शुक्ला, राकेश तिवारी, कमल पटवा, लक्ष्मण झा, गोविंद ईनाणी, डीईओ बलिराम बघेल, बीईओ मानसिंह भारद्वाज, प्राचार्यगण एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्काउटस गाइड्स का जिला स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बस्तर द्वारा 2 अक्टूबर को सर्व धर्म प्रार्थना सभा एमएलबी कन्या क्र-2 जगदलपुर में किया गया। जिसमें जिला संघ बस्तर के जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे, जिला आयुक्त सह पदेन जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर.बघेल, जिला आयुक्त गाइड सुधा परमार एवं पूर्व डी.ओ.सी. महेश देवांगन की उपस्थितिथि में संपन्न हुआ। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं लार्ड बेडेन पावेल की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यापर्ण कर किया गया। बी.आर.बघेल ने स्काउट्स एवं गाइड्स के अनुशासन बद्ध रहते हुए कार्य करने की शैली की तारीफ की। संजय पाण्डेय ने कहा कि देश कि अक्षुणता को बचाने के लिए हम महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर सर्वधर्म प्रार्थना कर देश में सभी धर्मों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हैं साथ है स्काउटिंग के जरिये समाज में आज के दिन स्वच्छता कार्य कर एवं किसानों और जवानों का सम्मान कर दोनों पुण्य आत्माओं को नमन करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनोज महापात्र जिला सचिव स्काउट गाइड, गिरधर रावटे, अनिल शुक्ला, बृजेश्वरी पोद्दार, भूमिका निषाद, निशा साहू, जयंती लोहाना समेत अन्य की भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में संजय पांडेय ने स्काउट -गाइड, एनसीसी की छात्र-छात्राएं, शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## पदयात्री सेवा केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ...



**जगदलपुर।** जिया डेरा में बस्तर आंध्र समाज के पदयात्री सेवा केंद्र का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू ,वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, बस्तर आंध्र समाज के अध्यक्ष एम जयंत नायडू, सचिव के. सुब्बा राव, यशवर्धन राव एवं समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 2 अक्टूबर को जाबो कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ रानू मेश्राम ने महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई व अपने एवं अपने परिवार के 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि सभी को बिना लालच एवं डर के मतदान करना चाहिए जिससे लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाया जा सके।

## रोमांच से भरपूर होगा डिजनीलैण्ड मीना बाजार



**जगदलपुर।** पावन नवरात्र के पहले दिवस ऐतिहासिक बस्तर दशहरे में मनोरंजन का केन्द्र बिंदू डिजनीलैण्ड मीना बाजार का शुभारंभ महापौर सफिरा साहू द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उनके साथ एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, नरसिंह राव एवं बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल अतिथि के रूप में मौजूद थे।

- बस्तर में पहली बार इन्टरनेशनल एसी फिश टनल

जगदलपुर शहर में इस बार मनोरंजन का जूनून सर चढ़ कर बोलने वाला है। क्योंकि इस बार मेले का आयोजन जगदलपुर में नए अंदाज में प्रारंभ हो रहा है। बस्तरवासियों को पहली बार मीना बाजार में इन्टरनेशनल एसी फिश टनल देखने को मिलेगा जहां हजारों की संख्या में सुंदर मछलियां आपको मंत्र मुग्ध व रोमांचित कर देंगी। हर आयु वर्ग के लोगो को मस्ती का फुल डोस मिले इसका भी ख्याल रखा गया है। जिसके चलते 4 के डेंजर साउथ अफ्रिकन हाई डेफिनेशन 3 डी शो का विशाल सेटअप भी लगाया गया है। साथ ही विभिन्न प्रकार के भव्य व रोमांचक झूले बाह पसारे यहां आपका स्वागत करेंगे। इस भव्य आयोजन में हरिभूमि मीडिया पार्टनर के रूप में शामिल हो रहा है।

## घुटनों के बल लेटकर देवी दर्शन करने पहुंचा मंदिर...



जगदलपुर। शहर का युवा वीरेन्द्र पाढ़ी एमपीएम अस्पताल के नजदीक कंगोली में रहता है। नवरात्र के पहले दिन वह सुबह घर से निकला और देर शाम दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर देवी दर्शन किया। घुटनों के बल लेटकर वह धीरे-धीरे कई घंटों के बाद लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। उसने कहा कि मन में आस्था थी इसलिए दिनभर कठिनाई तो हुई लेकिन हिम्मत नहीं हारा। आखिरकार देर शाम मंदिर में देवी दर्शन करने पर शांति मिली। शक्ति देवी मां के पूजा से ही मिलती है।

# 204 कोबरा के जवानों ने रेलवे स्टेशन की सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



204 कोबरा ने स्वच्छता अभियान के तहत रेलवे स्टेशन की सफाई का कार्य शुरू किया। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत की जा रही है, जिसका उद्देश्य देश के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। जवानों ने सुबह रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान की शुरुआत की, जिसमें स्टेशन के प्लेटफार्म समेत अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों की सफाई की गई। इस दौरान प्लास्टिक और अन्य कचरे को इकट्ठा किया गया, जिससे स्टेशन के वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। इसके पूर्व में भी समय-समय पर 204 कोबरा बटालियन स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु अलग-अलग सार्वजानिक क्षेत्रो में सफाई अभियान का आयोजन करता रहता हैं। विनय कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी-204 कोबरा ने कहा कि हम सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें। इस सफाई अभियान में स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने बल के जवानों का समर्थन किया और इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। यह पहल न केवल रेलवे स्टेशन की स्वच्छता को बढ़ाने का कार्य कर रही है, बल्कि यह समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी प्रयास हैं।

# महाविद्यालय में स्वयंसेवकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गांधी जयंती के अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में महाविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया गया। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर, शासकीय जकरन भतरा महाविद्यालय बकावंड एवं शासकीय हाई स्कूल करितगांव के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता अभियान का रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू मेश्राम ने कहा कि समाज में स्वच्छता का सकारात्मक संदेश पहुंचाना भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा।

**आवश्यकता है**

**हरिभूमि** छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

**हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।**

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969

**हरिभूमि कार्यालय**
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर




## अग्रवाल समाज की निकली शोभायात्रा...



**जगदलपुर।** अग्रवाल समाज की ओर से शहर के अग्रसेन चौक में गुरूवार की दोपहर अग्रसेन महाराज की जयंती पर महाराज की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया गया। उसके बाद शहर के विभिन्न मार्गों में भव्य शोभायात्र निकाली गई।